## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 14 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पड़ोसी राज्य बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना आज। अबसे थोड़ी देर बाद सुबह आठ बजे से शुरू होगी वोटों की गिनती।
- दिल्ली ब्लास्ट के बाद से प्रदेश में हाई अलर्ट जारी। धमाके के बाद से ही प्रदेश में भी सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय। हिरासत में लिए जा रहे हैं संदिग्ध।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 'जनजाति भागीदारी उत्सव' का किया उद्घाटन। कहा– जनजाति समुदाय को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने को मिशन बनाकर काम कर रही है सरकार।
- सीआईएससीई ने जारी किए कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा कार्यक्रम।

**********

पड़ोसी राज्य बिहार के विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना अबसे थोड़ी देर बाद सुबह आठ बजे से शुरू होगी। राज्य के अड़तीस जिलों के छियालीस मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती की जाएगी। वहां की दो सौ तैंतालिस विधानसभा क्षेत्रों के लिए छह और ग्यारह नवंबर को दो चरणों में मतदान हुआ था। राज्य में इस बार उन्नीस सौ बावन के बाद से अब तक का सर्वाधिक सड़सठ दशमलव एक–तीन प्रतिशत मतदान हुआ। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि मतगणना के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

**टोटल हमारे 46 काउंटिंग सेंटर्स हैं, जहां बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतों की गणना की जाएगी। काउंटिंग सेंटर्स, सीसीटीवी, वीडियोग्राफी से फुली कवर्ड है और आठ बजे से मतगणना का प्रारंभ शुरू हो जाएगा और उसके बाद मोस्ट प्रोबेबली नौ–सवा नौ से हम लोगो के रूझान आने शुरू हो जाएंगे और जब तक कम्प्लीट नहीं हो जाएगा, चलता रहेगा।**

**********

विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश में लगभग बारह करोड़ तैतीस लाख से ज्यादा फॉर्म वितरित किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक यह संख्या अन्य राज्यों की अपेक्षा सबसे अधिक है। दूसरे चरण में, चुनाव आयोग ने नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर शुरू किया है। यह गणना अगले महीने की चार तारीख तक जारी रहेगा।

**********

राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए ब्लास्ट के बाद से प्रदेश में हाई अलर्ट जारी है। पुलिस की टीमें संदिग्धों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। यूपी एटीएस ने कानपुर के हृदय रोग संस्थान के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मोहम्मद आरिफ को बुधवार की देर शाम उनके घर से हिरासत में ले लिया । एटीएस की एक टीम दिल्ली आतंकी हमले से कथित तौर पर जुड़े आरोपी डॉक्टर परवेज अंसारी के बारे में पूछताछ करने के लिए कल शाम लखनऊ की इंटीग्रल यूनिवर्सिटी भी पहुंची। दिल्ली पुलिस ने हापुड़ के जीएस मेडिकल कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर फारूख अहमद डार को भी हिरासत में लिया है।

इस बीच, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने दिल्ली में हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश में पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरी सतर्कता बरत रही हैं।

**जांच एजेंसियां जो सेंट्रल एजेंसीज हैं, स्टेट एजेंसीज हैं जांच कर रही हैं। जांच से पहले कुछ कहना उचित नहीं होगा। वह संवेदनशील प्रकरण है। उत्तर प्रदेश के लिहाज से मैं कहना चाहता हूं। सभी जनपदों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पुलिस अधीक्षकों से कहा गया है सतर्कता बरते, निगरानी बरते। इसके अलावा जो दिल्ली से सटे जनपद हैं, उसमें गस्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। हमारी लोकल इंटेलिजेंस यूनिट और स्थानीय पुलिस इकाइयां सक्रियता के साथ काम कर रही हैं और हर बिंदु को जांचा परखा जा रहा है।**

**********

प्रदेश ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार में देश के नॉर्दर्न जोन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। एक रिपोर्ट–

**मिर्जापुर जिले को राष्ट्रीय जल पुरस्कार में देश के नॉर्दर्न जोन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं वाराणसी ने दूसरा और जालौन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि चित्रकूट को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार मिला है। इन जिलों को जल संरक्षण और संचयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर यह गौरव हासिल हुआ है। विजेता जिलों को दो–दो करोड़ रुपये और चित्रकूट को एक करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवंबर को एक कार्यक्रम में यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धरती आबा बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती पर कल लखनऊ में 'जनजाति भागीदारी उत्सव' का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि सरकार जनजाति समुदाय को समाज और राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अभियान चला रही है।

**जितनी भी जनजातियां उत्तर प्रदेश के अंदर हैं, उन सभी जनजातियों को उनका अधिकार प्राप्त हो और उन्हें सिचुएशन के लक्ष्य तक पहुंचाने की दिशा में सरकार कार्य करेगी। इसमें थारू, मुसहर, चेरो, बुक्सा, सहरिया, कोल या फिर गौड़ जितने भी जनजातियां हैं, इन सभी जनजातियां को शासन की सभी प्रकार की योजनाओं उसे पूरी तरह आच्छादित करने के लिए सरकार ने एक मिशन मोड पर अभियान चलाया।**

अठारह नवम्बर तक चलने वाले जनजाति भागीदारी उत्सव में 18 राज्यों के लगभग छह सौ प्रसिद्ध जनजातीय कलाकार अपने पारंपरिक नृत्य, गीत और वाद्य प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की सांस्कृतिक एकता का संदेश देंगे। वहां पारंपरिक व्यंजन, जनजातीय हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद, लोक चित्रकला और जनजातीय आभूषणों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षय रोग– टीबी के उन्मूलन में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने में जल्द सफलता मिलेगी। एक रिपोर्ट

**विश्व स्वास्थ्य संगठन– डब्ल्यूएचओ की नवीनतम वैश्विक क्षय रोग रिपोर्ट–2025 के अनुसार भारत में 2015 से टीबी के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। यह प्रतिशत इस रोग की वैश्विक गिरावट दर से लगभग दोगुनी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ट्रेस, टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट और टेक्नोलॉजी के मंत्र को अपनाकर टीबी उन्मूलन की ओर तेजी से बढ़ रहा है। टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से, हमारा देश शीघ्र पहचान, निदान और सामुदायिक भागीदारी में नए मानक स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार भी टीबी उन्मूलन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

**********

बरेली के महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के तेईसवें दीक्षांत समारोह की कल राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अध्यक्षता की। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को पदक और उपाधियां प्रदान कीं। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल और रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे संतोष कुमार गंगवार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, इसका उपयोग समाज के कल्याण, मानवता के उत्थान और राष्ट्र निर्माण में होना चाहिए।

**********

विकसित उत्तर प्रदेश–दो हजार सैतालीस पर मंथन करने के लिए कृषि विभाग लखनऊ में सत्रह नवम्बर को 'जन संवाद एवं विचार मंथन' कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसमें लगभग तीन सौ कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और अधिकारी शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**जहां विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य के भीतर आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने भारत का 12 ट्रिलियन यूएस डॉलर इकोनमी बनाए जाने का लक्ष्य रखा। वहीं पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 6 ट्रिलियन यूएस डॉलर इकोनमी उत्तर प्रदेश बनाने का उन्होंने लक्ष्य रखा। उसमें से 1 ट्रिलियन यूएस डॉलर एग्रीकल्चर सेक्टर की हिस्सेदारी होगी।**

**********

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस– सीआईएससीई ने कक्षा दसवीं–आईसीएससी और बारहवीं–आईएससी की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार कक्षा बारहवीं की परीक्षाएं 12 फरवरी और दसवीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होंगी। बोर्ड द्वारा परीक्षा का परिणाम अप्रैल–मई में घोषित किया जाएगा। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम बोर्ड की वेबसाइट सीआईएससीई डॉट ओआरजी पर देखा जा सकता है।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में सत्रह नवम्बर तक सुबह के समय हल्के कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में तापमान में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है।

**********